# <u>बिहार सरकार</u>
# <u>वित्त (अंकेक्षण) विभाग</u>
# <u>बिहार पटना</u>

**<u>अंकेक्षण प्रतिवेदन संख्या :– 35/12–13</u>**

**<u>(1) परिचयात्मक :–</u>**

**(क) अंकेक्षित लेखा का नाम –** जिला शिक्षा अधीक्षक, समस्तीपुर के अधीन शिक्षक नियोजन अपीलीय प्राधिकार कार्यालय समस्तीपुर।

**(ख) अंकेक्षण का लेखावधि** – 2008–09 से 2010–11 तक।

**(ग) प्रशासी विभाग का नाम** – मानव संसाधन (विकास) विभाग, पटना।

**(घ) अंकेक्षित अवधि के लेखा**

**पदा0 का नाम, पदनाम एवं कार्यकाल –**

1. श्री ललित कुमार रजक, जिला शिक्षा पदा0 (जिला शिक्षा अधीक्षक के प्रभार में) प्रारम्भ से 16.9.09 तक
2. श्री रजनीकांत प्रवीण, जिला शिक्षा अधीक्षक 16.9.09 से 1.7.11 तक

**(ड़) अंकेक्षित अवधि के लेखा प्रभारी**

**पदाधिकारी एंव कर्मचारियों का नाम ,पदनाम एंव कार्यकाल –**

1. श्री सुभाष कुमार सिंह सदस्य प्रारम्भ से 6.11.09 तक
2. श्री विरंची सिंह सदस्य 6.11.09 से 21.12.09 तक
3. श्री श्याम किशोर ठाकुर 21.12.09 से 6.1.10 तक
4. श्री विमल कान्त चौधरी सदस्य 6.1.10 से अद्यतन
5. श्री रामनरेश प्रसाद, कार्यालय सचिव प्रारम्भ से 29.2.12 तक।

**(च) अंकेक्षण में सहयोग देनेवाले**

**पदा0/कर्म0 का नाम एंव पदनाम** – श्री हेमंत कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर

**(छ) वरीय अंकेक्षको का नाम** – 1. श्री जितेनद्र चौधरी, व0 अं0– 2

3. श्री नागेन्द्र सिंह, व0 अं0 –2

**(ज) अंकेक्षण प्रारंभण तिथि –** दि0 26.04.12

**(झ) अंकेक्षण समापन तिथि** – दि0 16.06.12

**(ञ) अंकेक्षण में व्यतीत कार्य दिवस** – 21 कार्य दिवस।

**(ट) अंकेक्षण में प्रस्तुत/अप्रस्तुत अभिलेखों की सूची :–**

अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'क' संलग्न है।

**(2) अंकेक्षण का क्षेत्र –**

(i) अंकेक्षण का प्रकार – सामान्य ।

(ii) वित्त (अंकेक्षण) विभाग का आदेश संख्या एवं तिथि – वित्त (अंकेक्षण) विभागीय ज्ञापांक 3286 दि0 15.9.60

(iii) कार्यालय का कार्यक्षेत्र – प्रारम्भिक, माध्यमिक एंव उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों के नियोजन से सम्बन्धित संशोधन नियमावली 2008 के आलोक में पंचायती राज संस्थाओं/नगर निकायों के द्वारा नियोजित होने वाले शिक्षकों के नियोजन से सम्बन्धित अपील की सुनवाई हेतु जिला में एक अपीलीय प्राधिकार का गठन किया गया है। समस्तीपुर जिला शिक्षक नियोजन अपीलीय प्राधिकार कार्यालय में वर्ष 08–09 में 1273, वर्ष 09–10 में 566 तथा वर्ष 10–11 में 483 अपील दायर किया हुआ पाया गया। अद्यतन मई 2012 तक कुल 2499 प्राप्त अपीलों में 2355 निष्पादित एंव 144 लम्बित पाया गया। लम्बित अपीलों का भी प्रक्रिया जारी पाया गया। वित्त (अंकेक्षण) विभागीय ज्ञापांक 23 दिनांक 17.4.12 के आलोक में अंकेक्षण कार्य सम्पन्न किया गया।

(iv) वित्तीय स्त्रोत – अनुदान

(v) कोषागार अभिलेख से सत्यापन की स्थिति :–

वर्ष 08–09 एवं 09–10 में मानव संसाधन (विकास) विभाग, पटना से ड्राफ्ट के द्वारा राशि प्राप्त किया हुआ पाया गया। वर्ष 10–11 में जिला अधीक्षक समस्तीपुर द्वारा राशि निकासी कर अंकेक्षित लेखा के खाता में राशि स्थानान्तरित किया हुआ पाया गया, फलतः कोषागार सत्यापन नही किया गया।

अनुदान के रूप में प्राप्त राशि का पूर्ण व्यौरा प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'ख' पर द्रष्टव्य है।

(vi) महालेखाकार के पूर्व निरीक्षण प्रतिवेदन का अनुपालन की स्थिति :– शून्य

(vii) वित्त (अंकेक्षण) विभाग के पूर्व अंकेक्षण प्रतिवेदन का अनुपालन की स्थिति :– प्रथम अंकेक्षण।

**<u>(3) वित्तीय समीक्षा :–</u>**

1. आवंटन की स्थिति में – शून्य।
2. अनुदान की स्थिति में – क्या अनुदान से अधिक राशि का व्यय किया गया – नही। रोकड़ पुस्त के आधार पर वर्षवार एंव मदवार आय–व्यय विवरणी प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'ग' पर द्रष्टव्य है।
3. प्राप्त अनुदान राशि का उपयोगिता प्रमाण– पत्र प्रशासी विभाग को प्रेषित किया गया था– हाँ (प्रेषित किया गया था)
4. रोकड़ पंजी में संवरण शेष के आय राशि का भौतिक सत्यापन की स्थिति :– भौतिक सत्यापन किया गया।
5. रोकड़ पुस्त के संवरण शेष की स्थिति – 34428.00

| | |
|---|---|
| (क) नकद राशि – | x |
| (ख) बैंक खाता में कुल राशि (मूलधन) – | x |
| (ग) बैंक खाता में सूद की राशि – | 34428.00 |
| (घ) अग्रिम की राशि – | x |
| (ड़) असमायोजित अभिश्रव – | x |
| (च) अन्य – | x |
| कुल– | 34428.00 |

(बचत खाता सं0 540102010005589) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया समस्तीपुर

### (4) अंकेक्षित कार्यालय के स्वीकृत/कार्यरत/रिक्त पदों का विवरण :–

अंकेक्षित कार्यालय के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों का अंकेक्षणावधि में विवरण निम्नरूपेण पाया गया।

| क्र0 | पद का नाम | स्वीकृत बल की संख्या | कार्यरत बलों की संख्या | रिक्त पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सदस्य | 2 | 2 | — | |
| 2 | कार्यालय सचिव | 1 | 1 | — | |
| 3 | कार्यालय सहायक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर | 2 | 1 | 1 | |
| 4 | आदेशपाल | 1 | 1 | — | |

## भाग – 2

### (5) कार्यालय हेतु मकान भाड़ा के रूप में रू0 187000.00 का व्यय आपत्तिन्तर्गत :–

मकान भाड़ा भुगतान से सम्बन्धित पंजी के जाँच में माह मार्च 09 से अंकेक्षणावधि मार्च 11 तक 25 माह के लिये कार्यालय हेतु मकान भाड़ा के रूप में 7000/– प्रतिमाह (6500/– मकान भाड़ा + 500/– विद्युत शुल्क) की दर से रू0 175000.00 तथा माह अप्रैल 10 से अंकक्षणावधि मार्च 11 तक 12 माह के लिये जेनरेटर शुल्क के रूप में 1000/– प्रति माह की दर से रू0 12000.00 अर्थात् कुल रू0 187000.00 (175000.00 +12000.00) का भुगतान मकान मालिक श्री सुनील कुमार सिंह, मोहनपुर रोड समस्तीपुर को किया हुआ पाया गया। मकान मालिक एंव कार्यालय के नियंत्री पदाधिकारी जिला शिक्षा अधीक्षक समस्तीपुर के बीच मकान किराये से सम्बन्धित एकरारनामा किया हुआ नही पाया गया। सम्बन्धित मकान में कार्यालय स्थानान्तरण हेतु विभागीय मुख्यालय से भी पत्राचार किया हुआ नही पाया गया। बिना एकरानामे के कार्यालय स्थानान्तरित करने के सम्बन्ध में पृच्छा किये जाने पर संतोषजनक जबाब नही दिया गया। जेनरेटर सम्बन्धन हेतु भी नियंत्री पदाधिकारी का स्वीकृत्यादेश अंकेक्षण में उपलब्ध नही कराया गया।

सम्प्रति मकान किराया निर्धारण हेतु माननीय अनुमंडलाधिकारी, समस्तीपुर के अदालत में वाद सं0– 2/12 अपील किया हुआ बतलाया गया।

अतः वाद सं0 2/12 के निष्पादन होने तक अंकेक्षणावधि में मकान भाड़ा के रूप में भुगतीत राशि रू0 187000.00 को आपत्ति के अंतर्गत रखा जाता है। वाद सं0 2/12 के निष्पादन होने पर तदनुकूल कार्रवाई कर प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार, पटना को भी अवगत कराया जाय। तबतक उक्त व्यय राशि रू0 187000.00 को आपत्ति अर्न्तगत रखा जाता है।

मकान भाड़ा के रूप में भुगतीत राशि रू0 187000.00 का पूर्ण व्यौरा प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'घ' पर द्रष्टव्य है।

**(6) भंडार पंजी में प्रविष्टि नही किये जाने के कारण क्रय के मद में रू0 2153.00 का व्यय आपत्ति अन्तर्गत :–**

आकस्मिकता मद के अभिश्रवों की जाँच में क्रय किये गये सामानों से सम्बन्धित अभिश्रवों पर भंडार पंजी में प्रविष्टि किये जाने से सम्बन्धित प्रमाण– पत्र अंकित नही पाया गया तथा भंडार पुस्त भी अंकेक्षण में उपलब्ध नही कराया गया। बिहार वित्त नियमावली भाग–1 के नियम –132 के अनुसार आपूरित सामग्रियों के गुणवत्ता की जाँच, गणना अथवा तौल की सुनिश्चितता कर प्राप्त सामग्रियों की प्रविष्टि भंडार पंजी में कर तत् सम्बन्धी प्रमाण पत्र अभिश्रव पर अंकित करने का प्रावधान है।

अतः उपरोक्त परिस्थिति में सक्षम पदाधिकारी द्वारा क्रय की वास्तविकता तथा भंडार पंजी में प्रविष्टि की जाँच कर प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग को अवगत कराया जाय, तबतक के लिये उक्त मद में किया गया रू0 2153.00 का व्यय आपत्ति के अन्तर्गत रखा जाता है।

क्रय से सम्बन्धित रू0 2153.00 का व्यय प्रतिवेदन के परिशिष्ट –'च' पर द्रष्टव्य है।

## भाग– 3

**(2) अंकेक्षण का संक्षिप्त मंतव्य :–**

(i) वित्तीय वर्ष के अंत में बचत दिखलायी गयी राशि का प्रत्येक वर्ष प्रत्यार्पण करने का सुझाव अंकेक्षण द्वारा दिया गया।

(ii) कार्यालय के स्थापना काल में जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय , समस्तीपुर से प्राप्त उपस्करो की सूची मँगाकर तदनुरूप सामानों का भौतिक सत्यापन कर भंडार पुस्त में बिहार वित्तीय नियमावली भाग–1 के नियम 132 के अनुरूप अंकित करने का सुझाव अंकेक्षण द्वारा दिया गया।

(iii) रोकड़ पुस्त में अद्यतन अग्रणित की गई सूद की राशि रू0 34428.00 को सम्बन्धित शीर्ष के अंतर्गत जमा करने का सुझाव दिया गया।

(iv) प्रतिवेदन के भाग– 2 कंडिका सं0– 5 में वर्णित जेनरेटर सम्बन्धन हेतु सदस्य द्वारा दिये गये आदेश का कार्योत्तर अनुमोदन प्राप्तकर नियंत्री पदाधिकारी से स्वीकृत्यादेश लेने का सुझाव अंकेक्षण द्वारा दिया गया।

**उप लेखा नियंत्रक**

**वित्त(अंकेक्षण)विभाग,बिहार पटना**

**<u>मिलान एवं शुद्धिकर्त्ता का नाम</u>**

(1) आलोक कुमार गुप्ता व0 अं0– 2

(2)

***" NISHU''***

# <u>परिशिष्ट – 'क'</u>

## <u>(कंडिका – 1'ट' से सम्बन्धित)</u>

## अंकेक्षण में प्रस्तुत एंव अप्रस्तुत अभिलेखों की सूची :–

### प्रस्तुत अभिलेख वर्ष 2008 –09 से 2010–2011 तक

1. रोकड़ पंजी वर्ष 2008 –09 से 2010–2011 तक
2. वेतन भुगतान पंजी वर्ष 2008 –09 से 2010–2011 तक
3. आकस्मिकता पंजी वर्ष 2008 –09 से 2010–2011 तक
4. आकस्मिकता से सम्बन्धित अभिश्रवों की रक्षित संचिका वर्ष 2008 –09 से 2010–2011 तक
5. उपस्कर क्रय से सम्बन्धित पंजी वर्ष 2008 –09 से 2010–2011 तक
6. उपस्कर क्रय से सम्बन्धित अभिश्रवों की रक्षित संचिका वर्ष 2008 –09 से 2010–2011 तक
7. कार्यालय हेतु मकान भाड़ा भुगतान सम्बन्धित पंजी वर्ष 2008 –09 से 2010–2011 तक
8. व्यवहृत चेक की अघकट्टी वर्ष 2008 –09 से 2010–2011 तक
9. पास बुक खाता सं0 540102010005589 यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बी0 आर0 बी0 कॉलेज कैम्पस, समस्तीपुर वर्ष 2008 –09 से 2010–2011 तक
10. कार्यालय आदेश से सम्बन्धित संचिका वर्ष 2008 –09 से 2010–2011 तक

### अप्रस्तुत अभिलेख – वर्ष 2008 –09 से 2010–2011 तक

1. भंडार पुस्त

## परिशिष्ट – ख

## प्रतिवेदन के कंडिका – 2 (v) से सम्बन्धित

### अनुदान के रूप में प्राप्त राशि का पूर्ण व्यौरा :–

| क्रमांक | वर्ष | विवरण / चेक सं0 / तिथि | राशि | रोकड़ पुस्त के आय पक्ष में प्रविष्टि की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2008–09 | निदेशक, प्रा0 शि0 बिहार पटना के पत्रांक 100 दि0 21.1.09 के द्वारा प्राप्त ड्राफ्ट सं0 251614 दि0 7.1.09 | 449000.00 | 5.2.09 |
| 2 | 2009–10 | तदैव पत्रांक 179 / 2.11.09 के द्वारा प्राप्त ड्राफ्ट सं0 343253 दि0 29.10.09 | 1148000.00 | 17.11.09 |
| 3 | 2010–11 | जिला शिक्षा अधीक्षक समस्तीपुर द्वारा वि0 सं0 26 / 10–11 के द्वारा निकासी कर कार्यालय के बैंक खाता में स्थानान्तरित | 364500.00 | 2.2.11 |
| 4 | 2010–11 | तदैव , वि0 सं0 76 / 10–11 से निकासी कर खाता में स्थानान्तरित | 135000.00 | 26.3.11 |
| | | कुल योग– | 2096500.00 | |

## परिशिष्ट – "ग"

## कंडिका – 3 (ii) से सम्बन्धित

### आय– व्यय विवरणी वर्ष 2008–09

| क्र0 | शीर्ष का नाम | मद का नाम | प्रारम्भण शेष | वर्ष में प्राप्त राशि | कुल आय | वर्ष में व्यय | बचत | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | सदस्य का वेतन | – | 180000.00 | 180000.00 | 135688.00 | 44312.00 | |
| 2 | | सदस्य वाहन भत्ता | – | 100000.00 | 100000.00 | 68000.00 | 32000.00 | |
| 3 | | कम्प्यूटर ऑपरेटर का वेतन | – | 84000.00 | 84000.00 | 17839.00 | 66161.00 | |
| 4 | | कार्यालय भाड़ा | – | 60000.00 | 60000.00 | 8920.00 | 51080.00 | |
| | | आकस्मिकता | – | 25000.00 | 25000.00 | 13877.00 | 11123.00 | |
| | | | | 449000.00 | 449000.00 | 244324.00 | 204676.00 | |
| | | | | | | | | |

# परिशिष्ट – "ग"

## कंडिका – 3 (ii) से सम्बन्धित

### आय– व्यय विवरणी वर्ष 2009–10

| क्र0 | शीर्ष का नाम | मद का नाम | प्रारम्भण शेष | वर्ष में प्राप्त राशि | कुल आय | वर्ष में व्यय | बचत | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | सदस्य का वेतन | 44312.00 | 480000.00 | 524312.00 | 204239.00 | 320073.00 | |
| 2 | | सदस्य वाहन भत्ता | 32000.00 | 240000.00 | 272000.00 | 187806.00 | 84194.00 | |
| 3 | | कम्प्यूटर ऑपरेटर का वेतन | 66161.00 | 168000.00 | 234161.00 | 84000.00 | 150161.00 | |
| 4 | | कम्प्यूटर क्रय एंव रख रखाव | – | 60000.00 | 60000.00 | – | 60000.00 | |
| | | कार्यालय भाड़ा | 51080.00 | 120000.00 | 171080.00 | 84000.00 | 87080.00 | |
| | | आकस्मिकता | 11123.00 | 50000.00 | 61123.00 | 35985.00 | 25138.00 | |
| | | उपस्कर क्रय | – | 30000.00 | 30000.00 | 19517.00 | 10483.00 | |
| | | | 204676.00 | 1148000.00 | 1352676.00 | 615547.00 | 737129.00 | |

## परिशिष्ट – "ग"

## कंडिका – 3 (ii) से सम्बन्धित

### आय– व्यय विवरणी वर्ष 2010–11

| क्र0 | शीर्ष का नाम | मद का नाम | प्रारम्भण शेष | वर्ष में प्राप्त राशि | कुल आय | वर्ष में व्यय | बचत | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | सदस्य का वेतन | 320073.00 | 254500.00 | 574573.00 | 569362.00 | 5211.00 | प्रत्यार्पण राशि का विवरण |
| 2 | | सदस्य वाहन भत्ता | 84194.00 | 180000.00 | 264194.00 | 260000.00 | 4194.00 | 033688 / 18.1.11 – 173277.00 |
| 3 | | कम्प्यूटर ऑपरेटर का वेतन | 150161.00 | – | 150161.00 | 70000.00 | 80161.00 | 035265 / 31.3.11 –21609.00 194886.00 |
| 4 | | कम्प्यूटर क्रय एंव रख रखाव | 60000.00 | – | 60000.00 | – | 60000.00 | प्रत्यार्पण के पश्चात् शून्य पाया गया। |
| | | कार्यालय भाड़ा | 87080.00 | 45000.00 | 132080.00 | 103000.00 | 29080.00 | |
| | | आकस्मिकता | 25138.00 | – | 25138.00 | 19472.00 | 5666.00 | |
| | | उपस्कर क्रय | 10483.00 | 20000.00 | 30483.00 | 19909.00 | 10574.00 | |
| | | | 737129.00 | 499500.00 | 1236629.00 | 1041743.00 | 194886.00 | |

नोट – चेक सं0 033688 / 18.1.11 के द्वारा 173277.00 एवं चेक सं0 035265 / 31.3.11 के द्वारा 21609.00 कुल राशि 194886.00 प्रत्यार्पण करने के बाद दि0 31.3.11 का संवरण शेष शून्य पाया गया।

## परिशिष्ट – 'घ'

## प्रतिवेदन के कंडिका – 5 से सम्बन्धित

### मकान भाड़ा के रूप में भुगतीत राशि 187000.00 का पूर्ण व्यौरा :–

| क्र0 | माह का नाम | चेक सं0 / तिथि | राशि | रोकड़ पुस्त में व्यय की तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मार्च+ अप्रैल 09 | 21439 / 5.5.09 | 14000.00 | 5.5.09 | मकानभाड़ा – 6500 +<br>विद्युत शुल्क – 500<br>कुल – 7000.00 प्रतिमाह |
| 2 | मई 09 | 22847 / 2.6.09 | 7000.00 | 2.6.09 | |
| 3 | जून 09 | 22852 / 8.7.09 | 7000.00 | 8.7.09 | |
| 4 | जुलाई 09 | 22854 / 12.8.09 | 7000.00 | 12.8.09 | |
| 5 | अगस्त 09 | 22860 / 4.9.09 | 7000.00 | 4.09.09 | |
| 6 | सितम्बर 09 | 24663 / 12.10.09 | 7000.00 | 12.10.09 | |
| 7 | अक्टूबर 09 | 24670 / 17.11.09 | 7000.00 | 17.11.09 | |
| 8 | नवम्बर 09 | 24675 / 5.12.09 | 7000.00 | 5.12.09 | |
| 9 | दिसम्बर 09 | 25984 / 15.1.10 | 7000.00 | 15.1.10 | |
| 10 | जनवरी 10 | 25991 / 1.2.10 | 7000.00 | 1.2.10 | |
| 11 | फरवरी 10 | 25999 / 3.3.10 | 7000.00 | 3.3.10 | |
| 12 | मार्च 10 | 27610 / 5.4.10 | 7000.00 | 5.4.10 | |
| 13 | अप्रैल 10 | 27619 / 8.5.10 | 8000.00 | 8.5.10 | मकानभाड़ा– 6500 +<br>विद्युत शुल्क – 500<br>जेनरेटर शुल्क – 1000.00<br>कुल – 8000.00 प्रतिमाह |
| 14 | मई 10 | 30106 / 3.6.10 | 8000.00 | 3.6.10 | |
| 15 | जून 10 | 30112 / 1.7.10 | 8000.00 | 1.7.10 | |
| 16 | जुलाई 10 | 30118 / 2.8.10 | 8000.00 | 2.8.10 | |
| 17 | अगस्त 10 | 30124 / 13.9.10 | 8000.00 | 13.9.10 | |
| 18 | सितम्बर 10 | 30128 / 1.10.10 | 8000.00 | 1.10.10 | |
| 19 | अक्टूबर 10 | 31033 / 1.11.10 | 8000.00 | 1.11.33 | |
| 20 | नवम्बर 10 | 31038 / 30.11.10 | 8000.00 | 30.11.10 | |
| 21 | दिसम्बर 10 | 33684 / 31.12.10 | 8000.00 | 31.12.10 | |
| 22 | जनवरी 11 | 33693 / 2.2.11 | 8000.00 | 2.2.11 | |
| 23 | फरवरी 11 | 33696 / 8.3.11 | 8000.00 | 8.3.11 | |
| 24 | मार्च 11 | 35262 / 31.3.11 | 8000.00 | 31.3.11 | |

कुल – 187000.00

## <u>परिशिष्ट – 'च'</u>

## <u>वित्तीय वर्ष 09–10 तथा 10–11 में आकस्मिकता मद से क्रय पर व्यय की गई राशि की विवरणी :–</u>

| क्र0 | मुख्य शीर्ष | आपूत्ति कर्त्ता का नाम | कैसमेमो सं0 एंव तिथि | अभिश्रव सं0 | व्यय की तिथि | सामाग्री का नाम | मात्रा | दर | राशि | कुल राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2202 | देवता प्लास्टीक स्टोर मूल चंद रोड समस्तीपुर | X/ 28. 3.11 | 2/10–11 | 31.3. 11 | प्लास्टिक बाल्टी<br>मग प्लास्टिक | 2 पीस<br>2 पीस | 156<br>28 | 312.00<br>56.00 | 368.00 | |
| 2 | '' | बिहार पेपर हाउस स्टेशन रोउ समस्तीपुर | 761/ 28.3.11 | 3/10–11 | 31.3. 11 | पेन स्टैण्ड | 2 पीस | 75.00 | 150.00 | 150.00 | |
| 3 | '' | अग्रवाल ग्लास एजेन्सी समस्तीपुर | 317/ 25.3.11 | 4/10–11 | 31.3. 11 | टेबुल ग्लास | 2 पीस | 180.00 | 360.00 | 360.00 | |
| 4 | '' | नार्थ बिहार इन्टर प्राईजेज स्टेशन रोड समस्तीपुर | 80/ 18.12.09 | 70/09–10 | 28.3. 10 | तौलिया बड़ा<br>ग्लास शिश<br>पीकदानी | 1 पीस<br>6 पीस<br>2 पीस | 276.00<br>12.00<br>140.00<br>4 प्रति0 वैट | 276.00<br>72.00<br><u>280.00</u><br>628.00<br><u>28.00</u><br>656.00<br>or<br>655 | 655.00 | |
| 5 | '' | भारत इम्पेरियम लहेरिया सराय | 14217/ 9.3.10 | 88/09–10 | | बड़ा साइज तौलिया<br>छोटा साइज तौलिया | 2 पीस<br>4 पीस | 240.00<br>35.00 | 480.00<br><u>140.00</u><br>620.00 | 620.00 | |

**कुल – 2153.00**